Scrapping of the Panel for Appointment of Chairman and Managing Director of BICL

1299. SHRI GHUFRAN AZAM: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have since scrapped a panel of candidates selected by the Public Enterprises Selection Board about a year back for the appointment of regular Chairman and Managing Director for the British India Corporation Limited;

(b) whether Government are considering revival of the same panel in order to reduce cost on this account which has risen manifold, without any further delay;

(c) whether it is a fact that the Company's losses have increased due to lapses on the part of present management; and

(d) if so, details thereof?

THE MINISTER OF TEXTILES (SHRI R. L. JALAPPA): (a) and (b) The Government had considered the panel recommended by PESB for the post of C&MD, BIC and decided that since the names in the panel were not found suitable for the post of C&MD, BIC, the panel should be set aside. The PESB has accordingly been requested to make a fresh panel of names for the post of C&MD, BIC.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

हथकरघा उत्पादों का निर्यात

1300. **श्री राम जेठमलानी :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेगें कि :

(क) क्या यह सच हैं कि देश से हथकरघा उत्पादों का निर्यात किया जाता हैं;

(ख)यदि हां, तो वर्ष 1993-94, 1994-95 और 1995-96 के दौरान कितने-कितने मूल्य का कितना-कितना कपड़ा निर्यात किया गया;

(ग)क्या यह भी सच हैं कि 1996-97 में इस क्षेत्र में उत्पादित कपड़ा व अन्य उत्पादों के निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में कमी आई हैं;

(घ)यदि नहीं, तो अप्रैल, 1996 से दिसंबर, 1996 तक कितना और कितने मूल्य का निर्यात किया गया और पिछले वर्ष की तुलना में यह कितना अधिक अथवा कम था; और

(ड़)वर्ष 1993-94, 1994-95 और 1995-96 और दौरान हथकरघा उद्योग में कुल कितना उत्पादन हुआ ?

वस्त्र मंत्री (श्री आर. एल. जालप्पा) : (क) जी, हां।

(ख)वर्ष 1993-94, 1994-95 तथा 1995-96 दौरान सूती हथकरघा फैब्रिक्स तथा मेड-अप्स के निर्यात निम्न प्रकार हैं:

(फैब्रिक वर्ग मी. में) (मेड-अप्स कि.ग्रा. में) (आंकड़े 000, में)

वर्ष	फेब्रिक्स		मेड-अप्स	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
1993-94	78579	2815948	79089	10150000
1994-95	78755	3202247	82632	11805988
1995-96	59632	2548187	76058	12359666

(ग)अप्रैल-दिसम्बर, 96 की अवधि के दौरान, जबकि सूती हथकरघा फैब्रिक्स के निर्यात में कमी हुई है । सूती हथकरघा मदों के निर्यातों में वृद्धि हुई है । तथापि, अप्रैल-दिसंबर, 96 की अवधि के दौरान सूती हथकरघा फैब्रिक्स तथा मेड-अप्स में संपूर्ण निर्यातों में वर्ष 1995 की इसी अवधि के दौरान किए एग निर्यातों पर 7% की वृद्धि दर्ज की गई हैं ।

(घ)अप्रैल-दिसम्बर, 96 की अवधि के दौरान तथा वर्ष 1995 की इसी अवधि में सूती हथकरघा फैब्रिक्स तथा मेड-अप्स के निर्यात निम्न प्रकार है:-

(फैब्रिक्स वर्ग मी.)	(मेड-अप्स कि. ग्रा. में)		(आंकड़े 000. में)	
अवधि	फैब्रिक्स		मेड-अप्स	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
अप्रैल,-दिसंबर, 95	43661	191434	54596	8719970
अप्रैल-दिसंबर, 96	35703	1732124	60316	9676879

(ड़) हथकरघा क्षेत्र में वर्ष 1993-94, 1994-95 तथा 1995-96 के दौरान कपड़े का कुल उत्पादन निम्न प्रकार हैं :-

वर्ष	उत्पादन (मिलियन वर्ग. मी. में)
1993-94	5851
1994-95	6180
1995-96	7020

कपड़ा मिल क्षेत्र में उत्पादन में कमी

1301. **श्री राम जेठमलानी** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्या यह सच हैं कि आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान देश में जहां कपड़ा उत्पादन के कार्य में कपड़ा मिल क्षेत्र में कमी हुई हैं वहीं पावरलूम व हथकरघा क्षेत्र में वृद्धि हुई हैं;

(ख)यदि हां, तो कपड़ा मिल क्षेत्र, पावरलूम क्षेत्र और हथकरघा क्षेत्र में वर्ष 1990-91 तथा वर्ष 1995-96 के दौरान कितना-कितना कपड़ा उत्पादन किया गया था;

(ग)क्या यह सच हैं कि सरकार द्वारा इस अवधि के दौरान कपड़ा उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में अनेक आर्थिक एवं प्रशासनिक प्रोत्साहन दिए गए थे; और

(घ)यदि हां, तो प्रत्येक क्षेत्र को दिए गए प्रोत्साहनों का अलग-अलग ब्यौरा क्या हैं ?

वस्त्र मंत्री (**श्री आर. एल. जालप्पा**) : (क) (1) संगठित सूति/मानव-निर्मित फाईबर वस्त्र मिल क्षेत्र वस्त्र मदों अर्थात स्पन यार्न तथा कपड़े के उत्पादन में लगा हैं । आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, स्पन यार्न के उत्पादन में वृद्धि हुई, जबकि इस क्षेत्र में कपड़े के उत्पादन में कमी हुई हैं ।

(2)हथकरघा तथा विद्युतकरघा क्षेत्र केवल कपड़े के उत्पादन में लगे हैं । आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान इन दोनों में कपड़े का उत्पादन बढ़ा हैं ।

(ख)वर्ष 1990-91 तथा 1995-96 के दौरान वस्त्र मिल विद्युतकरघा तथा हथकरघा क्षेत्र में वस्त्रों केकुल उत्पादन के ब्यौरें नीचे दिए गए है:-